
# संस्कारयुक्त शिक्षा से ही व्यक्तित्व विकास संभव : शुक्ल

## शिक्षा जीवन भर सद्गुणों का फल देने वाला वृक्ष है, प्रतिभावान विद्यार्थियों को नि :शुल्क स्कूटी का वितरण



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उत्कृष्ट मार्तण्ड उमावि क्रमांक एक में आयोजित समारोह में जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी का वितरण किया. समारोह में रीवा जिले के 177 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है. शिक्षा जीवन भर सद्गुणों का फल देने वाला वृक्ष है. विद्यार्थी जीवन के लिए सर्वोत्तम लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा के माध्यम से उसे प्राप्त करने का प्रयास करें. प्रयासों की असफलता दुगने उत्साह से प्रयास करने की प्रेरणा देती है. आज प्रदेश और देश में चहुंमुखी विकास हो रहा है. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरू बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है. विकास का पूरा लाभ युवा पीढ़ी को ही मिलेगा. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करें. किसी भी स्थिति में नशे की राह में कदम आगे न बढ़ाएं. नशा ऐसा जहर है जो तन, मन और धन तीनों का विनाश कर देता है. युवा पीढ़ी यदि नशे की राह में चली गई तो हर तरह का विकास बेमानी हो जाएगा. विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में उपयोग करें. अपने माता-पिता और गुरूजनों का मन से सम्मान करें. जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपने अंदर जुनून पैदा करें. अच्छा कर्म और ज्ञान सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा का तेजी से विकास हो रहा है. चारों ओर फोरलेन सड़कें और रेलवे की सुविधा है. रीवा एयरपोर्ट से दो अक्टूबर से दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो रही है. इसके बाद रीवा से इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई जहाज की सुविधा मिलेगी. इससे पूरे विन्ध्य क्षेत्र में पर्यटन का विकास होगा. समारोह में पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि शिक्षा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है. सरकार विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. मेधावी विद्यार्थियों को लैपटाप और स्कूटी प्रदान किए जा रहे हैं. छात्रावास और फीस में छूट जैसे लाभ भी दिए जा रहे हैं. सभी विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर प्रदेश और देश के विकास में योगदान दें. समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मेधावी विद्यार्थी योजना की जानकारी दी. समारोह में सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य जेपी जायसवाल तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की तथा मंदिर विस्तार कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करायें.



# उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी हास्पिटल परिसर में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य भवन के साथ-साथ इसके पीछे सहायक भवन का निर्माण भी तेजी से पूरा कराएं.**

कैंसर यूनिट के लिए आधुनिक मशीनों को क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. भवन का निर्माण पूरा होते ही दो सौ बिस्तरों वाले कैंसर अस्पताल का शुभारंभ हो जाएगा. इसमें कैंसर का उपचार करने के लिए आधुनिक मशीनें और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे. अस्पताल शुरू होने के बाद विन्ध्य क्षेत्र के कैंसर पीड़ितों को उपचार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी. मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि भवन में दो मंजिल का कार्य लगभग पूरा हो गया है. सहायक भवन का निर्माण पूरा होते ही इसे मुख्य भवन से जोड़ दिया जाएगा. भवन में भूतल में मशीनें स्थापित की जाएंगी. ऊपरी तल में रोगियों के लिए बेड रहेंगे. इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स कालोनी में निर्माणाधीन डॉक्टरों के आवासीय भवन का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने तय समय सीमा में भवन का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल, संजय गांधी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री पीआईयू डीएस त्रिपाठी उपस्थित रहे.

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तीकरण परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है.**

इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जायेगा. अभियान महिला एवं बाल विकास द्वारा पोषण माह की गतिविधियों के अभिशरण और समन्वय से आयोजित किया जायेगा. अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश से 17 सितंबर को करेंगे. अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है. इसके साथ-साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना सहित गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग करना अभियान का उद्देश्य है.

अभियान में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा. सफल संचालन के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय में बैठक का आयोजन कर कार्ययोजना पर चर्चा की गयी. आगामी 17 सितंबर को अभियान के शुभारंभ दिवस पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा. बैठक में सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त



### जांच में नकली और सैंपल दवाइयों का खुलासा

**गुढ़,** गुढ़ में संचालित देव मेडिकल स्टोर को जांच के बाद सील कर दिया गया. औषधि निरीक्षक राधेश्याम बट्टी और रेशु ठाकुर की संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान नगर परिषद प्रदेश द्वार के पास गुढ़ में संचालित देव मेडिकल स्टोर पर दर्जनों खामियां मिलने पर दुकान को सील कर दिया गया. निरीक्षण में पाया गया कि दुकान पर फिजिशियन सैंपल (नॉट फॉर सेल) दवाइयों के साथ-साथ संभावित नकली और घटिया दवाओं का स्टॉक रखा गया था. इसके अलावा प्रतिबंधित दवाओं की खरीद-बिक्री का लेखा-जोखा रजिस्टर नहीं मिला और न ही दुकान में कोई क्वालिफाइड फार्मासिस्ट मौजूद था. दुकान में एक्सपायरी दवाओं को रखने का भी कोई निर्धारित स्थान नहीं पाया गया. साथ ही दुकान के बाहर लाइसेंस क्रमांक, उसकी वैधता और फार्मासिस्ट का नाम भी प्रदर्शित नहीं किया गया था और पूरे परिसर में गंदगी का अंबार पाया गया. दुकान की आड़ में कथित डॉक्टर बंगाली श्रीकांत मंडल बिना किसी डिग्री और योग्यता के लोगों का इलाज करते पाया गया जो पूरी तरह अवैध है. ज्ञात हो कि श्रीकांत मंडल के खिलाफ वर्ष 2015 में कार्यवाही हुई थी. लोगों की शिकायतों और बढ़ते विरोध के बाद प्रशासन ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए दुकान को सील किया.

### नगर निगम ने की कार्यवाही

**रीवा.** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर में म.प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है. इसके तहत गुरूवार को रतहरा बाईपास, आरटीओ आफिस के सामने बद्रिका हीरो मोटर्स द्वारा बिना पंजीयन कराये कैनोपी लगाकर मोटर सायकल का प्रचार प्रसार किया जा रहा था जिस पर मौके में कार्रवाई करते हुये रूपये 5000 का जुर्माना लगाया गया साथ ही समझाइस दी गई कि नगर निगम से अनुमति प्राप्त कर ही विज्ञापन किये जाय अन्यथा चलानी के साथ जब्ती की कार्रवाई भी की जावेगी. उक्त कार्यवाही में सहायक आयुक्त शीतल भलावी के साथ अन्य कर्मचारी एवं अतिक्रमण अमला मौजूद रहा.

### ग्राम भिटवा में स्वास्थ्य शिविर 19 को

**रीवा.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत रीवा विकासखण्ड के ग्राम भिटवा में 19 सितंबर को प्रात: 10 बजे से वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है. स्वास्थ्य शिविर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी शामिल होंगे. कार्यक्रम के आयोजन राजेश पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में भिटवा ग्राम के आसपास के 10 से 12 ग्राम पंचायतों के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा. शिविर में मेडिकल कॉलेज रीवा के चिकित्सक, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण स्वास्थ्य रक्षक भी शामिल होंगे. जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किये जा रहे स्वास्थ्य शिविर का संबंधित क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपेक्षा की गयी है.

### मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण आज

**रीवा,** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के उपचुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है. पुनरीक्षण के लिए तैनात अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा. प्रशिक्षण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 सितम्बर को शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है. इसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन पर्यवेक्षक तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर शामिल रहेंगे.

### देवेंद्र सिंह की मां का हुआ निधन

**चाकघाट,** समीपस्थ ग्राम उसरी निवासी देवेंद्र सिंह जो कि गत चुनाव में



बहुजन समाज पार्टी से विधानसभा के प्रत्याशी थे उनकी माता का गत 9 सितम्बर को निधन हो गया. वे एक लंबे समय से अस्वस्थ थी और उनका उपचार रीवा में चल रहा था. रीवा में निधन के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गृह ग्राम उसरी लाया गया. जहां अंतिम दर्शन हेतु क्षेत्र के प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक एवं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की. उसके पश्चात तीर्थराज प्रयाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया.

# परिवहन विभाग ने बिना परमिट चलते 9 ट्रकों को किया जब्त

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, जिले में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड़ ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करते हुए चेकिंग अभियान के दौरान बिना परमिट संचालित 9 ट्रकों को जप्त किया है.**



जिनमे सात वाहन कर्नाटक महाराष्ट्र गुजरात एवं उत्तर प्रदेश के बिना परमिट चलते पाए गए और इन सभी वाहनों मे मध्य प्रदेश का मोटरयान कर और परमिट नहीं पाया गया. आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा द्वारा की गई.परिवहन विभाग ने सड़कों पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें पाया गया कि ये 9 ट्रक बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे थे. यह सभी ट्रक रीवा मनगवा रीवा गुढ़ मार्ग पर चलते हुए पाए गए. इन ट्रकों पर मोटरयान कर (टैक्स) के रूप में लाखों रुपये बकाया थे. कार्रवाही के दौरान न केवल ट्रकों को जप्त किया गया, बल्कि संबंधित वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया. इन सभी वाहनों पर 16/3 के अधीन कार्यवाही की गई है. इनमे जप्त 5 वाहनो के प्रकरणों को वाहन स्वामियों के द्वारा न्यायलय मे आवेदन लगाया गया था, लेकिन वाहनों पर 16/3 के अधीन कार्यवाही की गई थी जिसके कारण न्यायलय रीवा ने प्रकरणों को परिवहन विभाग को वापस कर दिया. परिवहन सुरक्षा स्क्वाड की यह कार्रवाई सड़क परिवहन नियमों का पालन कराने और अनधिकृत वाहनों पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. अभी तक जप्त 9 वाहनों में से पांच वाहन चालकों ने 16/3 के अधीन 110000/- रूपये का शमन शुल्क एवं शास्ति जमा कर अपने वाहन मुक्त कराये है.

# डबल लॉक सेंटर और सहकारी समितियों से किया गया खाद का वितरण

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, जिले के चार डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को खाद दी जा रही है. वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार टोकन दिया जाता है.**



टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं. गुरूवार को 1209 किसानों को 181 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 281 किसानों को 50 मीट्रिक टन, गुढ़ में 221 किसानों को 15 मीट्रिक टन, जवा में 315 किसानों को 63 मीट्रिक टन तथा उमरी में 392 किसानों को 53 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. जानकारी के अनुसार वितरण केन्द्र उमरी में 55 मीट्रिक टन तथा जवा में 22 मीट्रिक टन खाद शेष है.

**मऊगंज में बांटी गयी 103 मीट्रिक टन खाद** -मऊगंज जिले में 11 सितंबर को 720 किसानों को 103 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. डबल लाक केन्द्र मऊगंज में 365 किसानों को 41 मीट्रिक टन तथा हनुमना में 355 किसानों को 62 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज में 97 मीट्रिक टन व हनुमना में 81 मीट्रिक टन खाद शेष है. जिसका वितरण किया जायेगा.

### जनपद हनुमना के सीईओ का प्रभार सुरभि श्रीवास्तव को

**मऊगंज, 11 सितम्बर,** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जनपद पंचायत हनुमना का वित्तीय और प्रशासनिक प्रभार सुरभि श्रीवास्तव विकासखण्ड अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना को देने के आदेश दिए हैं. प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश सिंह राजपूत अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को प्रशासनिक और वित्तीय प्रभार से मुक्त कर दिया गया है. कार्यालयीन व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिए यह आदेश दिया गया है.

# प्रतिमा स्थापना में रोड़े अटकाना विंध्य का अपमान : कविता

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, विंध्य नायक स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा स्थापना में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही रोकटोक पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव कविता पाण्डेय ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है.**

उन्होंने कहा कि सौवें जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण न होने देना संपूर्ण विंध्यवासियों का अपमान है. नगर निगम द्वारा बीते दस दिनों से एसएएफ चौराहे पर प्रतिमा लगाने का कार्य किया जा रहा था, किंतु पुलिस विभाग ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्य रोक दिया. निगम का कहना है कि यह भूमि म.प्र. शासन की है, वहीं पुलिस विभाग इसे अपने अधिकार क्षेत्र में बता रहा है. कविता पाण्डेय ने इस स्थिति को द्वेषपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है, ताकि आगामी 17 सितम्बर को जो कि श्री तिवारी का जन्मदिवस है, उसी दिन प्रतिमा का अनावरण हो सके. कविता पाण्डेय ने कहा कि श्रीनिवास तिवारी व्यक्ति नहीं, विचारधारा थे और सदियों तक विचारधारा के रूप में पूजे जाएंगे. पुलिस विभाग के पीछे छुपे शिखंडी सामने आएं ताकि जनता उन्हें पहचान सके. मूर्ति तो लगकर रहेगी, चाहे कैसी भी परिस्थिति क्यों न हो.

# वसूली कम होने पर सहायक राजस्व अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली. उन्होंने 13 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत में लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित करने हेतु जोनवार तैयारियों की समीक्षा की.**



निगम आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी बकाया करदाताओं को शुक्रवार तक नोटिस भेजना पूर्ण किया जाए. सभी जोन में बकायादारों को संपर्क कर एवं रिक्शा से मुनादी कराकर सूचना दें कि वे अपना बकाया कर लोक अदालत में निश्चित रूप से जमा करें, अन्यथा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी. कमर्शियल बकायादारों की सूची में शेष सभी से बकाया कर की वसूली सुनिश्चित की जाए. वार्डवार ऐसे बड़े बकायादार जो कर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके नाम शहर में फ्लेक्स लगाकर प्रकाशित कराएं. सरकारी विभागों से सेवा प्रभार वसूली के लिए लगातार संपर्क एवं पत्राचार किया जाए और इसमें तेजी लाई जाए. जलकर बकाया की वसूली लक्ष्य अनुरूप सुनिश्चित की जाए.

लोक अदालत के बाद जिन उपभोक्ताओं के द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, उनके नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही अभियान के रूप में की जाए. सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन वार्ड की वसूली 70 प्रतिशत से कम रहेगी, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी.

# तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है.**

इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी. पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं.

# नेशनल लोक अदालत में 46 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 11 सितम्बर, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है.**

इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा. प्रकरणों की सुनवाई के लिए 46 खण्डपीठें गठित की गयी हैं. इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं. जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है. नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय रीवा में खण्डपीठ क्रमांक एक में न्यायाधीश असरफ अली, खण्डपीठ क्रमांक 2 में न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड, खण्डपीठ क्रमांक 3 में न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 4 में न्यायाधीश मोहित कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 5 में न्यायाधीश आशीष कुमार शुक्ला, खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश शरद कुमार गुप्ता तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में न्यायाधीश अनुज त्यागी को तैनात किया गया है. इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर, खण्डपीठ क्रमांक 9 में न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश आशीर्वाद भिलाला, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश यशपाल सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 13 मंप न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी प्रकरणों की सुनवाई करेंगे.

### उप मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

**रीवा, 11 सितम्बर,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्मल सिटी रीवा पहुंचकर अधिवक्ता ऋषि तिवारी के पुत्र श्रेयांक तिवारी के असमय निधन पर शोक व्यक्त किया. उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्री तिवारी तथा परिवारजनों को सांत्वना दी. अधिवक्ता श्री तिवारी के पुत्र श्रेयांक तिवारी का लखनऊ में उपचार के दौरान निधन हो गया.